रांची, मंगलवार, 26 अक्टूबर 2010

एचइसी में सतर्कता जागरुकता सप्ताह प्रारंभ

रांची : हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लि. में सोमवार से सतर्क ता जागरुकता सप्ताह प्रारंभ हुआ। इस सप्ताह का प्रारंभ एचइसी के सीएमडी जीके पिल्लई ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कर्मियों को शपथ बेहतर तरीके से कार्य करने की शपथ दिलायी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग इस वर्ष जागरुकता फैलाव एंव भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग को मुख्य केंद्र बिंदु बनाया है। इस अवसर पर सीएमडी के अलावा आर मिश्र, निदेशक (वित्त), भरत प्रसाद, निदेशक(विपणन), रवीन्द्र वर्मा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एमएस कारला, वरिष्ट कमाडेंट, सीआईएसएफ, डा. केके कदम, सीएमओ प्लांट हॉस्पिटल, एस आर सहाय, जीएम(प्रोजेक्ट) जेपी सिंह, जीएम,एचएमबीपी, एसके शर्मा, जीएम,(एचआरडी), एंव निगम के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ 28-29 को आईआरक्यूएस ऑडिट टीम एचईसी में

रांची : इंडियन रजिस्ट्रार ऑफ क्वालिटी सिस्टम के चार पदाधिकारी 28-29 अक्टूबर को एचएमबीपी के 22 उत्पादन विभागों का ऑडिट करेंगे। ये पदाधिकारी कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

प्रभात खबर रांची, मंगलवार, 26 अक्टूबर, 2010

सूचना प्रौद्योगिकी की पारदर्शिता से ही व्यवसाय में लाभ : पिल्लई

रांची : एचइसी के सीएमडी जीके पिल्लई ने कहा कि किसी भी उद्योग का उत्थान सूचना प्रौद्योगिकी की पारदर्शिता पर निर्भर है. इसी से व्यवसाय में प्रगति होती है. श्री पिल्लई सोमवार को एचइसी मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता अवधि के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पुरानी पद्धति, जिसमें पारदर्शिता नहीं है, उसे बदलने की जरूरत है. उन्होंने निगम के कार्यों में अत्यधिक सक्रिय्य रहने का आह्वान किया. इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों को शपथ भी दिलायी. इससे पहले सीएमडी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. समारोह में राष्ट्रपति का संदेश निदेशक वित्त, उप-राष्ट्रपति का संदेश निदेशक उत्पादन व प्रधानमंत्री का संदेश मुख्य सतर्कता आयुक्त रवींद्र वर्मा ने पढा. संदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता पर बल दिया गया.

निदेशक विपणन के लिए आवेदन तीन तक

रांची : एचइसी के निदेशक विपणन भरत प्रसाद अगले वर्ष सेवानिवृत्ति हो रहे हैं. इस पद के लिए भारत सरकार के पब्लिक इंटरप्राइजेज विभाग ने विज्ञापन जारी किया है. आवेदन की अंतिम तिथि तीन जनवरी है. मालूम हो कि निगम में निदेशक उत्पादन का भी पद खाली है. जिसके लिए साक्षात्कार हो चुका है, लेकिन अब तक किसी की नियुक्ति नहीं हुई है. वहीं निदेशक कार्मिक एमआर वेणुगोपाल के निधन के बाद उक्त पद भी खाली पडा है.

एचईसी में सर्तकता जागरूकता सप्ताह शुरू

सीएसडी ने अधिकारियों को दिलायी शपथ

रांची। एचईसी में सर्तकता जागरूकता सप्ताह सोमवार से शुरू हुआ। जागरूकता सप्ताह 01 दिसंबर तक चलेगा। इस को लेकर मुख्यालय के सभागार में एचईसी के सीएमडी श्री.के. पिल्लई ने उपस्थित अधिकारियों को प्रतिज्ञा दिलायी कि वे भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिए विविध रूप से कार्य करेंगे। हम अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण ईमानदारी से करेंगे और भय-पक्षपात के बिना कार्य करेंगे। प्रतिज्ञा दिलाने के बाद एचईसी के सीएमडी श्री पिल्लई ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी उद्योग का उत्थान सूचना प्रोवैधिकी के परादर्शिता पर ही निर्भर है। इसी से व्यवसाय में प्रगति होती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पद्धति जिसमें परादर्शिता नहीं है, उसे बदलने की जरूरत है। साथ ही नियम के कार्यो में कर्मियों को अत्याधिक सक्रिय रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वित्त निदेशक आर. मिश्रा एवं मार्केटिंग निदेशक भरत प्रसाद ने लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक होने को कहा। कार्यक्रम के शुरूआत में श्री पिल्लई सहित उपस्थित निदेशकों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर रांची के सीबीओ रवीन्द्र वर्मा के अलावे तीनों प्लांटों के जीएम एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सीबीएस के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

दैनिक जागरण रांची, 26 अक्टूबर, 2010

एचइसी में सतर्कता सप्ताह : एचइसी में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन एचइसी सीएमडी जी के पिल्लई ने किया। इस मौके पर वित्त निदेशक आर मिश्रा, मार्केटिंग निदेशक भरत प्रसाद, मुख्य सतर्कता अधिकारी रवीन्द्र वर्मा मौजूद थे।